कार्यालय सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई नारायणपुर जिला– नारायणपुर (छ0ग0)

(दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन)

क्रमांक /167/ सि.मि.प्रं. / DAY-NULM / 2016 नारायणपुर, दिनाँक– 12 / 09 / 2016

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगरपालिका परिषद नारायणपुर सीमा क्षेत्र में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास घटक के अंतर्गत शहरी आजीविका केन्द्र स्थापित किया जाना है,इसके तहत् बी.पी.एल.परिवारों एवं अन्य शहरी गरीबों के आजीविका संवर्धन हेतु कार्य समुदाय आधारित संगठन / गैर शासकीय संगठन से दिनाँक 24.09.2016 समय अपरान्ह 5 बजें तक कार्यालय सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई, नगरपालिका परिषद नारायणपुर में पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

नियम एवं शर्तें :–

1. आवेदनकर्ता गैर शासकीय संगठन / समुदाय आधारित संगठन द्वारा इस क्षेत्र मे कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ संस्थान का पंजीकरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, सर्विस टेक्स रजिस्ट्रेशन संलग्न करना अनिवार्य है।
2. संस्था द्वारा पिछले तीन वर्षो की ऑडिट रिर्पोट (बैलेंश सीट) संलग्न करना अनिवार्य है।
3. शहरी आजीविका केन्द्र द्वारा प्रदान की जाने वाली शुल्क आधारित सेवाओं के सापेक्ष होने वाली आय / लाभांश का सेवा प्रदाता व शहरी आजीविका केन्द्र के मध्य 10: बटवारे का प्रस्ताव संलग्न किया जाना आवश्यक है।
4. आवेदनकर्ता / संस्था द्वारा इस क्षेत्र में किये गये कार्यो का अनुभव का विवरण अभिलेख साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदनकर्ता / संस्था द्वारा प्रस्तावित शहरी आजीविका केन्द्र के संचालन हेतु ब्लूप्रिंट / प्रस्तुतीकरण परियोजना बैलेंश शीट के साथ करना होगा।
6. आवेदनकर्ता / संस्था के द्वारा प्रस्ताव के साथ रू. 25,000 / – का बैंक ड्राफ्ट / बैंक गारंटी / एफ डी.आर. जो कि नेशनल अर्बन लाईवलीहुड मिशन नारायणपुर के नाम बंधक होगा। अपात्र संस्था हेतु वापसी योग्य होगा।
7. आवेदनकर्ता / संस्था का विवरण टेंडरशीट पर उल्लेखित अभिलेखो के साथ संलग्न करना होगा।
8. आवेदनकर्ता / संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि के दो फोटो, पहचान पत्र प्रूफ व एड्रेस प्रूफ सलग्न करना होगा।
9. शहरी आजीविका केन्द्र की स्थापना एवं संचालन के संबंध मे विस्तृत जानकारी कार्यालय समय पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर
सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई
जिला– नारायणपुर

क्रमांक /168 / सि.मि.प्रं. / DAY-NULM / 2016 नारायणपुर, दिनाँक– 12 / 09 / 2016

प्रतिलिपि :–

1. मिशन संचालक, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, रायपुर (छ0ग0) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर एवं अध्यक्ष सिटी मिशन प्रबंधन इकाई जिला– नारायणपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. जिला सूचना अधिकारी जिला– नारायणपुर की ओर सादर सम्प्रेषित। कृपया शासकीय वेब साईट एवं नारायणपुर जिला के वेब साईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला– नारायणपुर को सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।

सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर
सिटी मिशन प्रबंधन ईकाई
जिला– नारायणपुर